# समाचार

## मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

# अभी तक 2522 लोगों की हुई निःशुल्क जांच एवं इलाज




कोरबा 29 नवम्बर 2020 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत आज वार्ड क्र. 07, 35, 50, 57 एवं 65 में मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंची तथा प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक लोगों की विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच करने के साथ ही उनका आवश्यक इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराई। योजना के अंतर्गत अभी तक 50 स्थानों पर शिविर लगाकर 2522 लोगों की निःशुल्क जांच की गई एवं उनका मुफ्त में इलाज किया गया। आज आयोजित शिविरों में आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने पहुंचकर किए जा रहे हितग्राहियों के इलाज व व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, इस कड़ी में अभी तक 50 शिविरों के माध्यम से 2522 व्यक्तियों की निःशुल्क जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के साथ श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी शिविर में उपस्थित रहते हैं, जो स्लम क्षेत्र में निवासरत लोगों का योजना के तहत पंजीयन कर रहे हैं। जांच एवं इलाज हेतु स्लम क्षेत्र में निवासरत श्रमिक जिनका संगठित एवं असंगठित कर्मकार के रूप में

पंजीयन है, वे अपना श्रमिक कार्ड साथ में ला रहे हैं। जिनका पंजीयन नहीं है, ऐसे श्रमिक अपने साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं एक फोटोग्राफ्स साथ में लाते हैं तथा उनका पात्रता अनुसार पंजीयन किया जाता है। परिवार में किसी एक सदस्य का पंजीयन होने के बाद परिवार के सभी सदस्य इसका लाभ ले सकेंगे एवं इलाज करा सकेंगे। एक बार पंजीयन होने के बाद दोबारा पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

**मंगलवार 01 दिसम्बर को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 दिसम्बर 2020 मंगलवार को वार्ड क्र. 02 तुलसीनगर गार्डन के पास, वार्ड क्र. 29 सामुदायिक भवन बांसबाड़ी पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 25 आंगनबाड़ी सुभाष ब्लाक, वार्ड क्र. 41 सामुदायिक भवन कांजीहाउस के पास परसाभांठा नम्बर–2 तथा वार्ड क्र. 45 संजयनगर आंगनबाड़ी हसदेव क्रमांक–3 में मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।